पंजाब में नए टेलीफोन कनेक्शन

1742. **श्री इकबाल सिंह:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1995-96 के दौरान पंजाब में नए टेलीफोन कनेक्शन देने का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया था;

(ख) यदि हां, तो उसका जिला-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) जी, हां।

(ख) वर्ष 1995-96 के दौरान नए टेलीफोन कनेक्शनों के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों और उपलब्धियों का ब्यौरा विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**।

वर्ष 1995-96 के दौरान समय पर उपस्करों की आपूर्ति न हो पाने के कारण निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में गिरावट आई।

(ग) अपेक्षित उपस्करों के लिए आपूर्ति आदेश दे दिए गए हैं और आशा है कि इस वर्ष में स्थापित करने के लिए प्राप्त हो जायेंगे।

विवरण

अनुबंध-1

क्रम सं०	दूरसंचार जिला	राजस्व जिला	लक्ष्य (1995-96)	प्राप्ति
1.	अमृतसर	अमृतसर	13993	14819
2.	भटिंडा	भटिंडा (मनसा)	9900	7698
3.	चण्डीगढ़		32909	23519
4.	फिरोजपुर	फिरोजपुर (मुक्तसर, मोंगा, फरीदकोट)	11645	13703
5.	होशियारपुर और रोपड़	होशियारपुर और रोपड़	6983	6215
6.	जलन्धर	जलन्धर, नवांशहर, कपूरथला	31129	28044
7.	लुधियाना	लुधियाना	50600	23783
8.	पठानकोट	गुरदासपुर	3390	3660
9.	पटियाला	पटियाला (फतेहगढ़ साहिब)	14218	14129
10.	संगरूर	संगरूर	7133	7840
			182500	143410

मध्य प्रदेश में सेल्यूलर फोन सेवा

1743. **श्री राधाकिशन मालवीय:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और रायपुर में सेल्युलर फोन सेवा कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है; और

(ख) क्या उपरोक्त शहरों में सेल्युलर फोन के प्रचालन के लिए कोई लाइसेंस जारी किया गया है?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) और (ख) मध्य प्रदेश में सेल्युलर सचल टेलीफोन सेवा प्रदान करने के लिए दो निजी कंपनियों, नामतः मैसर्ज रिलायंस टेलीकॉम प्रा० लि० तथा मैसर्ज सेल्यूलर कम्यूनिकेशनस इंडिया लि० को क्रमशः 12.12.95 तथा 15.12.95 को लाइसेंस जारी किए गए हैं। लाइसेंस करार के अनुसार, लाइसेंस प्राप्त कर्ता को पहले वर्ष में कम से कम 10 प्रतिशत जिला मुख्यालयों में उक्त सेवा प्रदान करनी होगी। मध्य प्रदेश में यह सेवा वित्त वर्ष 1996-97 के दौरान शुरू कर दिए जाने की संभावना है।